सत्यमेव जयते

**राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड**

**प्रेस विज्ञप्ति–2**

## राजभवन में वसन्तोत्सव के अवसर पर आयोजित हुई सांस्कृतिक संध्या

**राजभवन देहरादून 03 मार्च, 2023**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह(से नि) ने शुक्रवार को राजभवन में वसन्तोत्सव 2023 के द्वितीय सत्र में संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित सांस्कृतिक सन्ध्या का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी भी उपस्थित रहे।

आज आयोजित सांस्कृतिक संध्या में संस्कृति विभाग सहित स्कूली बच्चों ने मनमोहक कार्यक्रम और नृत्य प्रस्तुत किए। सांस्कृतिक कलाकारों द्वारा झूमैलो, छपेली, चांचरी, तांदी, हारूल आदि लोक नृत्य प्रस्तुत किए। इन सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्तराखण्ड की समृद्ध लोक कला की झलक देखने को मिली। कार्यक्रमों का उपस्थित लोगों ने खूब आनंद लिया। इस अवसर पर प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर, सचिव संस्कृति एच.सी.सेमवाल, निदेशक उद्यान डॉ एच एस बावेजा, निदेशक संस्कृति बीना भट्ट सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

––––0––––